एक्वा लाइनः पांच स्टेशन दो घंटे रहे बंद, यात्री परेशान

हड़ताल के कारण सूना पड़ा सेक्टर-83 का मेट्रो स्टेशन।

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। एक्वा लाइन के पांच मेट्रो स्टेशनों पर निजी सुरक्षाकर्मियों की हड़ताल की वजह से बुधवार सुबह दो घंटे तक सेवा ठप रही। इस दौरान मेट्रो स्टेशन पर जाने के लिए पहुंचे यात्रियों की तलाशी नहीं ली जा सकी। यात्री स्टेशन में दाखिल नहीं हो पाए और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एनएमआरसी ने इस बाबत सुरक्षा एजेंसी को चेतावनी भरा पत्र जारी किया है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसी ने माफी मांगी है।

दरअसल, एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की तलाशी का जिम्मा आयरनमैन सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (आईएसएसपीएल) का है। इनके सुरक्षाकर्मी मेट्रो स्टेशन में आने वाले यात्रियों की तलाशी लेने का काम करते हैं। इसके अलावा दूसरे अन्य कार्य भी इन सुरक्षाकर्मियों के जिम्मे है। हालांकि, मेट्रो स्टेशन की सुरक्षा का जिम्मा पीएसी के हाथों में है। बुधवार को सुबह छह बजे से आठ बजे तक नोएडा सेक्टर-81, सेक्टर-83, सेक्टर-101, एनएसईजेड और नोएडा सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशनों पर तैनात आईएसएसपीएल के निजी सुरक्षाकर्मी ड्यूटी के स्थान से हट गए। सभी महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मी उस दौरान मेट्रो स्टेशन के बाहर आ गए। इससे मेट्रो प्रबंधन को हास्यास्पद स्थिति का सामना करना पड़ा। मेट्रो स्टेशन में आने वाले दैनिक यात्रियों को काफी दिक्कत हुई। सुबह छह बजे से लेकर आठ बजे तक इनकी हड़ताल की वजह से ऐसे यात्री दूसरे अन्य साधनों से अपने गंतव्य को निकले। इसके बाद एनएमआरसी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित एजेंसी को एक चेतावनी भरा पत्र जारी किया। इसके जवाब में उक्त कंपनी ने बिना शर्त माफी मांगते हुए भविष्य में इस तरह की हरकत नहीं होने देने का वादा किया।

यात्रियों की तलाशी लेने वाले निजी सुरक्षाकर्मियों ने की हड़ताल

एक्वा लाइन के पांच स्टेशनों पर सुरक्षाकर्मियों ने वेतन नहीं मिलने से काम करने से इंकार कर दिया और हड़ताल की। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एजेंसी को एनएमआरसी ने चेतावनी देते हुए पत्र लिखा। इसके बाद एजेंसी ने एनएमआरसी से बिना शर्त माफी मांगते हुए आगे से हड़ताल नहीं होने देने और सुरक्षाकर्मियों को प्रत्येक माह की सात तारीख को वेतन देने का वादा किया। - **पीडी उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, एनएमआरसी**

7 तारीख को मिलेगा वेतन

जब इस बाबत सुरक्षाकर्मियों से सवाल किया गया तो उनका कहना है कि उनको समय से वेतन नहीं मिलता और कंपनी उनको बकाया पैसा नहीं चुकाती। एनएमआरसी ने जब उनकी बातों को सुरक्षा एजेंसी तक पहुंचाया तो कंपनी ने वादा किया कि भविष्य में अब एनएमआरसी की सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को प्रत्येक माह की सात तारीख को वेतन दे दिया जाएगा।

हाल ही में तकनीकी खराबी से रुकी थी मेट्रो



कुछ माह पहले एक्वा लाइन में आई तकनीकी खराबी की वजह से मेट्रो रुक गई थी। इस वजह से देर शाम के समय सिटी बस का सहारा लेते हुए यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया गया था। देर रात तक तकनीकी खराबी दूर हो पाई थी। हालांकि अगले दिन से ही मेट्रो की सेवा बहाल हो पाई थी।